प्रेस विज्ञप्ति 18.07.2023

इंडियन बैंक ने ट्रैक्टर वित्तपोषण के लिए टीएएफ़ई (TAFE) एवं टीएमटीएल (TMTL) के साथ टाई-अप किया

चेन्नै, 18 जुलाई, 2023: ग्राहक सेवा को बढ़ावा देने के क्रम में, इंडियन बैंक ने अपने कार्यपालक निदेशक, श्री इमरान अमीन सिद्दीकी की उपस्थिति में, देश में ट्रैक्टरों के अग्रणी निर्माता, टीएएफ़ई एवं टीएमटीएल के साथ ट्रैक्टरों के वित्तपोषण के लिए साझेदारी की। इस साझेदारी से, किसानों तथा अन्य व्यक्तियों को कम ब्याज दरों पर आसान प्रक्रिया के साथ ट्रैक्टर ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी।

इच्छुक ग्राहक, देश भर में इंडियन बैंक की 5700+ शाखाओं में से ट्रैक्टर के वित्तपोषण की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर अपने संबोधन में, श्री वी. चंद्रशेखरन, महाप्रबंधक (ग्रामीण बैंकिंग/एसएलबीसी/आरआरबी), इंडियन बैंक ने कहा कि टीएएफ़ई और टीएमटीएल के साथ की गई इस साझेदारी से हम देश भर के अपने ग्राहकों की बड़ी संख्या को सहज एवं आसान वित्तपोषण की सुविधा प्रदान कर सकेंगे। पूरे देश में इंडियन बैंक की सशक्त उपस्थिति है और वित्तीय वर्ष 2023-24 में रु.500 करोड़ की ऋण मंजूर की उम्मीद है।

इस साझेदारी के बारे में विस्तार से बताते हुए, श्री परमेश्वर रेड्डी देवी, मुख्य वित्तीय अधिकारी, टीएएफ़ई एवं टीएमटीएल ने कहा कि इंडियन बैंक के साथ इस साझेदारी से टीएएफ़ई एवं टीएमटीएल के सभी ग्राहकों को सहज वित्तपोषण के विकल्प के साथ-साथ उत्कृष्ट ऑनरशिप का आनंद और सहयोग प्रदान करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर श्री मणि सुब्रमणियन, महाप्रबंधक, ग्रामीण बैंकिंग और श्री नरेंद्र कुमार शर्मा, महाप्रबंधक, एमएसएमई तथा श्री सौरभ डालमिया, वर्टिकल प्रमुख (सीएमएस) भी उपस्थित थें।